# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/92/22 – 02 ,राँची/दिनांकः 31/01/2023

बी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2023 (**B.Ed. Combined Entrance Competitive Examination – 2023**) के आयोजन से संबंधित सूचना

---

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, (उच्च शिक्षा निदेशालय) के पत्रांक–02/वि01–104/2017–159 दिनांक–19.01.2023 जो विभागीय अधिसूचना सं0 – 792 दिनांक–18.04.2018 के आलोक में निर्गत किया गया है, के क्रम में झारखण्ड राज्य स्थित बी0एड0 संस्थानों (Government/Government Aided/Unaided/Self-financed and Private recognized B.Ed. institutions) में बी0एड0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**2.** पाठ्यक्रम की अवधिः– 2 वर्ष

**3.** **आरक्षणः** आरक्षित सीटों के नामांकन/अनुशंसा में झारखण्ड सरकार का अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। (आरक्षण का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी को संबंधित प्रमाण–पत्र अपलोड करना आवश्यक है। प्रमाण–पत्रों का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट में डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है)

**4.** झारखण्ड राज्य स्थित विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु कुल सीटों का 85% आरक्षित होगी शेष 15% सीटें खुली रहेगी।

## 5. शैक्षणिक योग्यता (Eligibility Criteria for B.Ed.) :–

5.1 Candidate with at least 50% marks either in Bachelor's Degree and /or in Master's Degree in Science/Social Science/ Humanities/Commerce, Bachelor's in Engineering or Technology with specialization in Science and mathematics with 55% marks or any other qualification equivalent thereto, are eligible for appearing in the B.Ed. Combined Entrance Competitive Examination-2023.

5.2 The Candidate will have to choose only one subject (within a subject category) which she/he must have studied in the qualifying degree, i.e., Bachelor's Degree or Master's Degree for at least 200 marks and out of which obtained at least 50% in that subject. The subject will henceforth be referred to as the teaching subject in the B.Ed. course.

5.3 There is no restriction in the passing year to apply in B.Ed. course.

**ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष–2023 में अर्हक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हो, वे भी बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 में आवेदन कर सकते हैं परन्तु उन्हें कंडिका 11 (क) में अंकित दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के समान प्राप्तांक होने की स्थिति में मेधा क्रम का निर्धारण में अर्हक परीक्षा का प्राप्तांक का लाभ नहीं दिया जायेगा।**

**6.** **आवेदन की प्रक्रियाः**– आवेदक पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Online Form "B.Ed. Combined Entrance Competitive Examination-2023" बटन

पर Click कर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **दिनांक 10.02.2023 से दिनांक 10.03.2023 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है।** ऑनलाईन आवेदन करते समय वांछित विवरणी दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करना होगा तथा स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान अपलोड करना होगा। पीडीएफ अपलोड सेक्सन में निम्न प्रमाण–पत्रों को एक साथ पीडीएफ फॉर्मेट में स्कैन कर तैयार फाईल अपलोड करना होगाः– (1) मैट्रिक/10वीं का अंक–पत्र एवं उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र (2) स्नातक डिग्री का अंक पत्र, (3) स्नातकोत्तर डिग्री का अंक पत्र (स्नात्कोत्तर डिग्री के आधार पर आवेदन करने की स्थिति में), (4) NCC 'C'/ NSS प्रमाण–पत्र (यदि हो तो), (5) स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, (झारखण्ड राज्य के स्थानीय/स्थायी निवासी के लिये) (6) जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षण का लाभ लेने की स्थिति में), (7) दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु)। प्रमाण पत्रों का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के डाउनलोड कॉलम में देखा जा सकता है।

निर्धारित राशि का परीक्षा शुल्क भुगतान के उपरान्त कन्फर्मेशन पेज का प्रिंट आउट प्रिंट कर भविष्य के उपयोग हेतु सुरक्षित रख लें।

**7. परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः–** यह प्रवेश परीक्षा दिनांक – **23.04.2023** को झारखण्ड राज्य के राँची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका एवं पलामू जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर OMR Based (Offline mode) में आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी।

**8. परीक्षा शुल्कः–** आवेदकों को परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking के द्वारा लिया जायेगा। परीक्षा शुल्क की दर निम्न प्रकार हैः–

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य | ₹ 1000/– |
| 2. | पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 750/– |
| 3. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 500/– |
| **नोटः** झारखण्ड राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति - II एवं महिला अभ्यर्थियों को सामान्य कोटि का परीक्षा शुल्क देय होगा। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा। परीक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। | | |

**9. बी0एड0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2023 से संबंधित मुख्य तिथियाँ :–**

| क्रम सं0 | विवरणी | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | 10.02.2023 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 10.03.2023 |
| 3. | ऑनलाईन प्रवेश–पत्र (Online Admit Card) पर्षद के वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | परीक्षा से 4 दिन पूर्व |
| 4. | परीक्षा की तिथि | 23.04.2023 |
| 5. | जिला मुख्यालय जहाँ प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी | राँची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका एवं पलामू |
| नोट :– अपरिहार्य कारणों से झारखण्ड सरकार या झा.सं.प्र.प्र.प. पर्षद निर्धारित तिथियों में परिवर्त्तन कर सकती है। | | |

**10. प्रवेश परीक्षा का सिलेबस एवं मार्किंग :** प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न बहुवैकल्पिक (MCQ) तथा कुल 100 अंकों की होगी। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत जवाब के लिय 0.25 अंक काटा जायेगा।

10.1 Language Proficiency shall have 30 questions (15 question for Hindi & 15 Questions for English) indicating specific area like comprehension, rearranging sentences, selecting suitable words for the blanks, finding out errors in parts of the sentences, finding out equivalent meaning to the given phrases, finding out suitable words for the incomplete sentences, sequencing, grammar which includes synonyms, idioms, prepositions tenses, articles.

10.2 Teaching Aptitude (40 questions) will cover specific areas like attitude towards education, children and teaching profession; interest in teaching; leadership qualities & group management; emotional & social adjustment; intrapersonal & interpersonal skills; and general awareness of contemporary issues pertaining to school education.

10.3 Reasoning ability (30 questions) indicating specific areas like verbal non-verbal reasoning, missing numbers, number series, letter series, theme finding, jumbling, analogy, odd one out, arranging the statements in a sequential form, statement and conclusion, syllogism, logical problems, establishing relationships and numerical ability.

**11.** मेधा सूचीः– मेधा सूची का निर्माण संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में मेधा–क्रम का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगाः–

(क) अर्हक परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत
(ख) NCC 'C'/ NSS प्रमाण–पत्र
(ग) पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

31/01/2023

**(रंजीता हेम्ब्रम,** झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक